# पिकअप पलटा, 4 श्रमिकों की दर्दनाक मौत

## तीन घायल, गढ़वा थाना क्षेत्र के नौडिहवा पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 16 दिसम्बर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के पुलिस चौकी नौडिहवा अंतर्गत झरकटा सड़क मार्ग के पहाड़ में बीती सोमवार की देर रात करीब 12.30 बजे एक बड़ा हादसा हुआ है।**

पिकअप वाहन श्रमिकों को लेकर आ रहा था कि पहाड़ में बेकाबू होकर पलट गया ,जिसमें सवार चार श्रमिकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और तीन श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में भर्ती कराया गया है ,जहां श्रमिकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हमारे चितरंगी संवाददाता के अनुसार उत्तर प्रदेश से एक पिकअप वाहन धान के साथ श्रमिकों को घर छोड़ने आ रहा था कि झरकटा पहाड़ पर बेकाबू होकर पलट गया।



### मृतक उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के

जिसमें सवार शीलू पिता लक्षनधारी 32 वर्ष ,अमरपाल पिता राम सूरत बैगा 36 वर्ष , लाल कुमार पिता राजकरण 35 वर्ष एवं सूरज लाल बैगा उम्र 31 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि संतोष कुमार पिता ददई बैगा अमरेश कुमार पिता अमरनाथ पटेल एवं नन्हकू केवट तीन मृतक बगडेवा गांव के एवं एक मृतक सीमावर्ती सोनभद्र के जुगैल निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मनोज सिंह चौहान हमराह के साथ स्थल पहुंचे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया है वहीं उक्त घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है।

# जिले के 117 हितग्राहियों के खाते में 2 करोड़ 62 लाख रूपए अंतरित

**सतना 16 दिसम्बर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के 7 हजार 227 प्रकरणों में राशि रुपये 160 करोड़ सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों को अंतरित किये। इनमें सतना जिले के 117 हितग्राहियों के खातों में 2 करोड़ 62 लाख रूपये की राशि अंतरित की गई। वर्चुअल रूप से एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार, सहायक श्रमायुक्त अनुराग प्रताप सिंह सहित हितग्राही उपस्थित रहे।

# राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज आयेंगे रीवा

## विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, राज्यपाल मंगूभाई पटेल 17 दिसंबर को रीवा आयेंगे. राज्यपाल श्री पटेल 17 दिसंबर को सुबह 10.45 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर सुबह 11.30 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेगे.**

इसके बाद राज्यपाल एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सुबह 11.50 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेगे तथा रिसर्च, इनोवेशन और



इनक्यूवेशन सेंटर का उद्धाटन करेंगे. तदुपरांत वह दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह शामिल होंगे. राज्यपाल दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाउस आयेंगे और दोपहर 3 बजे एयरपोर्ट रीवा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे.

# ओवरलोड परिवहन पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## ओवरलोड कोयला लदी गाड़ियों को ग्रामीणों ने रोका, घंटों ठप रहा परिवहन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 दिसंबर। क्षेत्र में ओवरलोड कोयला परिवहन को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश मंगलवार को सड़कों पर फूट पड़ा। ग्रामीणों ने महादेव ट्रांसपोर्ट की कोयला लदी कई भारी गाड़ियों को बीच रास्ते में रोककर जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे घंटों तक कोयला परिवहन पूरी तरह बाधित रहा।**




ग्रामीणों के अनुसार महादेव ट्रांसपोर्ट और मां पार्वती ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां तेज रफ्तार और अत्यधिक ओवरलोड स्थिति में गांवों के भीतर से गुजर रही थीं। इससे जहां गांव की सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, वहीं हर समय बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। प्रदर्शन के दौरान जब कोयला लदी गाड़ियों की पोर्टल के माध्यम से जांच की गई, तो कई गंभीर विसंगतियां सामने आईं। कुछ वाहनों का पंजीकृत वजन कागजों में कम दर्ज पाया गया जबकि मौके पर वे उससे कहीं अधिक भार लेकर चल रही थीं। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में गाड़ी हल्की और सड़क पर भारी चल रही है। हैरानी की बात यह है कि जहां एक ओर एनसीएल क्षेत्र में सेफ्टी वीक मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कोयला ट्रांसपोर्टर सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। न तो कोयले को ढंका जा रहा है, न ही गति सीमा, चेतावनी संकेत और सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। इससे धूल-प्रदूषण बढ़ने के साथ ग्रामीणों का जीवन खतरे में पड़ गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब वे अवैध और ओवरलोड कोयला परिवहन का विरोध करते हैं,तो ट्रांसपोर्ट कंपनियों से जुड़े लोग उनके साथ अभद्रता और दबाव बनाने की कोशिश करते हैं,जिससे गांव में भय और तनाव का माहौल बन रहा है। महादेव ट्रांसपोर्ट सहित जो भी कंपनियां नियमों को ताक पर रखकर गांवों के बीच से गाड़ियां चला रही हैं, उनके खिलाफ प्रशासन को तुरंत सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सेफ्टी वीक में इस तरह की लापरवाही बेहद गंभीर है।

अगर कार्रवाई नहीं हुई तो हम ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन को और तेज करेंगे। कहा की गांव के भीतर से रोज ओवरलोड कोयला गाड़ियां गुजर रही हैं। जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की जान खतरे में है। विरोध करने पर ग्रामीणों से बदसलूकी की जाती है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे ट्रांसपोर्टरों पर तुरंत रोक लगाए। हम पूरी मजबूती से ग्रामीणों के साथ खड़े हैं। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित बीट्टी देवी, सुनीता देवी, सीता देवी, आदित्य त्रिपाठी, हीरामणि जैसवाल सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर ओवरलोड कोयला परिवहन पर तत्काल रोक और दोषी ट्रांसपोर्टरों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

# एक बार फिर लुढ़का पारा, कोहरे के बीच तापमान 5 .5 डिग्री

## कोहरे के चलते साढ़े 9 घंटे विलम्ब से पहुंची रीवा-आनंद बिहार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, कड़ाके की ठंड के बीच एक बार फिर न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. ढ़ाई डिग्री नीचे तापमान पहुंच गया है.**



रात का न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री रहा, वही दिन के अधिकतम तापमान में उछाल देखने को मिला, 24.3 डिग्री तापमान पहुंचा गया. जबकि सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 22 डिग्री था. कोहरे के चलते रीवा-आनंद बिहार ट्रेन साढ़े 9 घंटे विलम्ब से रीवा पहुंची. सुबह 11.10 बजे पहुंचना था और शाम 4.20 बजे रवाना होना था. लेकिन कोहरे के कारण ट्रेन रात 8.45 बजे रीवा पहुंची और एक घंटे बाद दिल्ली के लिये रवाना हुई. इस समय यात्रियो की भारी फजीहत है, अधिकांश यात्री प्रयागराज में ही ट्रेन से उतर गये थे. तीसरे दिन मंगलवार को सुबह कोहरे से ढकी रही. जिले भर में कड़ाके की ठंड इस समय पड़ रही है, मंगलवार को भी घना कोहरा छाया रहा. हालाकि सुबह 10 बजे के बाद कोहरा छट गया था. लेकिन तड़के कोहरे के चलते आवागमन प्रभावित रहा. हाइवे पर वाहन रेंगते नजर आए, शाम ढ़लते ही कोहरे का धुंध छाने लगा. इस समय जिले भर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, साथ ही ठंड हवाएं भी चल रही है. अन्य दिनो के अपेक्षा मंगलवार को हवाएं 6 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली. मौसम विभाग की माने तो अभी तापमान में और गिरावट आएगी. दस दिन पूर्व न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री पहुंचा था, उसके बाद मंगलवार को 5.5 डिग्री दर्ज किया गया.

# महिला वन कर्मी ने की आत्महत्या

## नागौद पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

नवभारत न्यूज

**सतना 16 दिसंबर. जिले के नागौद क्षेत्र की निवासी और वन विभाग पन्ना में पदस्थ महिला वन कर्मी ने जाकर खाकर जान दे दी.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार नागौद क्षेत्र अंतर्गत सेमरी निवासी आशा चौधरी का विवाह हिलौंधा निवासी दुर्गेश चौधरी के साथ कुछ वर्ष पूर्व हुआ था. 35 वर्षीय श्रीमती आशा पन्ना जिले में वन विभाग में पदस्थ थीं. बताया गया कि आशा को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था. लेकिन कुछ समय बाद ही उन्होंने दम तोड़ दिया. प्रारंभिक स्तर पर जो जानकारी सामने आई उसके अनुसार श्रीमती आशा द्वारा जहर का सेवन कर लिया गया था. जिसे देखते हुए पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया. वहीं पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करते हुए इस बात की विवेचना की जा रही है कि घटना के पीछे क्या कारण रहे होंगे.

# रीवा संभाग ई आफिस में प्रदेश में प्रथम स्थान कायम

## संभागायुक्त ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है. अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है.**

ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में प्रदेश में लगातार एक माह से प्रथम स्थान पर कायम है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 9823 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गई तथा 41268 फाइलों का मूवमेंट हुआ. प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 4642 फाइलों का क्रिएशन तथा 33599 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है. इसमें 2026 फाइलों का क्रिएशन तथा 19440 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं. इनकी कुल संख्या 65 है. सामूहिक रैंकिंग में रीवा संभाग को 10वां स्थान मिला है. इस रैंकिंग में रीवा जिला 25वें स्थान पर है. रीवा जिले में 4503 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 25483 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. रैंकिंग में सिंगरौली जिला 37वें, मऊगंज जिला 45वें, सतना जिला 46वें, सीधी जिला 56वें तथा मैहर जिला 59वें स्थान पर है. कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई आफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं.

# सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में रेंजर के साथ मारपीट करने वालों पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी, 16 दिसम्बर. जिले के रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में अवैध उत्खनन रोकने गई वन विभाग की टीम पर गांव के दबंगों ने हमला कर दिया।**

यह घटना दिनांक 11 दिसंबर 2025 की रात्रि लगभग 7:30 बजे बनास नदी के स्थानीय घाट की बताई जा रही है, जो सोन घड़ियाल अभ्यारण्य का प्रतिबंधित क्षेत्र है।मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्राधिकारी मुकेश अलावा अपने स्टाफ कुजेश्वर गौतम, दयाराम प्रजापति, चन्द्रभान सिंह एवं अजय मिश्रा के साथ रात्रि गश्त पर थे। गश्त के दौरान जब टीम वाहन से उतरकर नदी किनारे जांच कर रही थी, तभी स्थानीय गांव की ओर से दीप सिंह बघेल, प्रमोद सिंह बघेल, प्रांशु सिंह बघेल, विक्कू सिंह और प्रियेश सिंह अपने अन्य साथियों




के साथ मौके पर पहुंचे और अचानक वनकर्मियों से गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि प्रांशु सिंह बघेल ने वनकर्मी अजय मिश्रा पर डंडे और हाथों से हमला किया, जबकि अन्य आरोपियों ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए पूरे स्टाफ के साथ मारपीट की। हल्ला सुनकर जब रेंजर मुकेश अलावा और चन्द्रभान सिंह मौके पर पहुंचे तो हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों और डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में चन्द्रभान सिंह के सिर में खरोंच, पीठ में दर्द, दयाराम प्रजापति और अजय मिश्रा को भी गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के दौरान रेंजर का जैकेट भी फाड़ दिया गया। घटना के बाद पूरा वन अमला थाना पहुंचा, जहां आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 121(ए), 296(ए), 351(2) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**इनका कहना है**

वन विभाग की टीम अवैध उत्खनन रोकने गई थी, तभी आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों ने हमला किया।यदि समय रहते पुलिस की सख्त कार्रवाई होती, तो यह घटना टाली जा सकती थी।

**राजेश कन्ना टी,** डीएफओ संजय टाईगर रिजर्व सीधी

# पेंशन के लिए देवरानी ने किया जेठानी का कत्ल

## आरोपी महिला गिरफ्तार, मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गड़ की घटना

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 दिसंबर। मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गड़ में पेंशन के पैसों के लिए एक 45 वर्षीय महिला ने अपनी ही जेठानी का कत्ल कर दिया। मृतिका 70 वर्ष की वृद्धा बताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने इस घटना के तुरंत बाद आरोपी महिला को गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया है,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।**



जानकारी अनुसार रविवार शाम बड़गड़ निवासी सुगिया देवी पति कन्हैयालाल साहू ने अपनी जेठानी महुरी देवी पति स्वर्गीय अनंत साहू उम्र 70 वर्ष को घर पर बुलाया और उससे पेंशन से आ रही रकम में हिस्से की मांग की। बताया गया कि मृतिका का महुरी देवी को 600 रुपये पेंशन मिला करती थी, जिसे लेकर आए दिन सुगिया देवी उससे विवाद करती थी। रविवार शाम भी इस रकम को लेकर विवाद इतना बढ़ा की सुगिया देवी ने महुरी देवी पर टंगी और लाठी से प्रहार कर दिया, जिससे बहुत ज्यादा रक्त रिसाव हो जाने के कारण उसने वहीं दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी जब मृतिका के परिजनों को लगी तो वह बद हवास हालत में मोरवा थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी।

तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए टीम गठित कर पुलिस कर्मियों को घटना स्थल पर भेजा जहां मृतिका का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। वहीं विवेचना में लगे पुलिस अधिकारियों ने कल देर शाम आरोपी सुगिया देवी पति कन्हैयालाल साहू उम्र 45 वर्ष को ग्राम बड़गड़ से गिरफ्तार कर लिया। जिसे मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह,उनि एन पी तिवारी, सउनि प्रवीण मरावी, संतोष सिंह, प्रआर अर्जुन सिंह एवं अजीत सिंह की भूमिका रही।

# महिला थाना में पीड़ित महिलाओं की नहीं हो रही सुनवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 दिसम्बर। बैढ़न स्थित महिला थाना एक बार फिर विवादों में है। आरोप है कि यहां फरियाद लेकर पहुंचने वाली कथित पीड़ित महिलाओं को संवेदनशील सुनवाई के बजाय दुत्कार और टालमटोल का सामना करना पड़ रहा है। जिस थाने को महिलाओं के भरोसे और सुरक्षा का प्रतीक होना चाहिए। वहीं से निराशा लौटना कई सवाल खड़े कर रहा है। ताजा मामला गनियारी का है।**

हाल ही में एक ठेकेदार और उसके सहयोगी से जुड़ा मामला सुर्खियों में है। आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के दौरान न तो उसकी बात गंभीरता से सुनी गई और न ही नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की गई। इसके उलट




मामले को आपसी समझौते की दिशा में मोड़ने का दबाव बनाया गया। वहीं बाद में धमकाने और गंभीर अपराध में फंसाने की धमकी देने में स्टाफ पीछे नहीं रहता है। यह रवैया महिला थाना की मूल भावना के बिल्कुल विपरीत माना जा रहा है। इस पूरे प्रकरण में एक पुरुष प्रधान आरक्षक की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि वह कानूनी प्रक्रिया से अधिक सेटलमेंट पर भरोसा करता है और मामलों को दबाने या समझौते तक सीमित रखने की कोशिश करता है।

# जीवित को मृत बताकर हजम कर गए अंत्येष्टि का पैसा

## जनसुनवाई में पीड़ित ने कलेक्टर से की शिकायत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, मंगलवार को जनसुनवाई में एक दिव्यांग अपनी फरियाद लेकर पहुंचा. जीवित को मृत बताकर अंत्येष्टि का पैसा निकाल लिया गया. इसकी जानकारी तब हुई जब शिकायतकर्ता शासन की योजना का लाभ लेने नगर पंचायत पहुंचा. तो उसे बताया गया कि उसकी मृत्यु हो चुकी है. फिलहाल कलेक्टर ने जांच का आश्वासन दिया है.**

एक दिव्यांग व्यक्ति को मृत बात कर उसके अंत्येष्टि का पैसा निकाल लिया गया और जीते जी जीवित व्यक्ति का अंतिम संस्कार कर दिया गया, लेकिन अब वह अपने जीवित होने का प्रमाण लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा है. दरअसल यह मामला रीवा जिले के




मनगवा नगर पंचायत का है. पंचायत क्षेत्र में रहने वाले वार्ड नंबर 14 के निवासी रमेश साकेत नामक व्यक्ति शासन की योजना का लाभ लेने 5 दिसंबर को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचा था. जब उसने आवेदन दिया तो पता चला कि 19 मार्च 2023 को उसकी मृत्यु हो चुकी है, नगर पंचायत के द्वारा शासन की योजना अनुसार 5 हजार में उसका अंतिम संस्कार किया गया है. उसे कर्मचारियों ने यह भी बताया की अंत्येष्टि की राशि स्वीकृति होकर बैंक खाते के माध्यम से निकाली भी जा चुकी है. फिलहाल फरियादी रमेश साकेत को शासकीय योजना का लाभ तो नहीं मिला, शिकायतकर्ता ने बताया कि वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया था जिसका इलाज रीवा के संजय गांधी अस्पताल के बाद नागपुर में चला. हादसे के बाद वह पूरी तरह विकलांग हो चुका है और शासन की योजना का लाभ लेने के लिए वह नगर पंचायत पहुंचा था. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत के लोगों ने ना सिर्फ उसे कागजों में मृत घोषित कर दिया बल्कि अंत्येष्टि के नाम पर पैसा भी खा गए. हालांकि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है.

# मेला का आयोजन मनोरंजन ही नहीं आपसी भाईचारा का संदेश देता है : अभिषेक

नवभारत न्यूज

**अनपरा 16 दिसंबर । हिण्डालको रेनूसागर पावर डिवीजन के आवासीय परिसर में स्थित आदित्य बिरला इण्टर मीडिएट कॉलेज के प्रांगण में दिशिता महिला मण्डल रेनूसागर के तत्वावधान में दो दिवसीय शरद मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा तथा हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह सपत्नी दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह एवं एच आर हेड आशीष पांडेय ने संयुक्त रूप फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।**

तत्पश्चात मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि ने दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह एवं उनकी टीम के साथ मेले में लगे सभी स्टालों का अवलोकन कर लजीज ब्यंजनो को चखते हुए मुख्य अतिथि ने दिशिता महिला मंडल की सदस्याओं की तारीफ की ।कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा ने कहा कि मेले का आयोजन सिर्फ मनोरंजन ही नही आपसी भाई चारा का सन्देश देता है। मुख्य अतिथि ने कहा महिला सशक्तिकरण समाज की प्रगति की बुनियाद है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। एसपी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में




गति प्रदान करते हुये यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिशिता महिला मंडल द्वारा किये गये सार्थक प्रयास निश्चित ही आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हुए कदम को सार्थक सिद्ध करने में मददगार सावित होगा। क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह ने मेले के आयोजकों तारीफ की तथा कहां की दिशिता महिला मंडल रेनुसागर सदैव से ही समाज के लिए उत्कृष्ट कार्यकर्ता रहा है।

एच आर हेड आशीष पांडेय ने सम्बोधन में कहा कि इस तरह का आयोजन सर्वांगीण विकास के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी बृजेश सिंह एवं चौकी इंचार्ज संतोष सिंह, रेनू सागर के वरिष्ठ अधिकारी, संजय श्रीमाली, मनु अरोड़ा नरेंद्र पाठक, मृदुल भारद्वाज कुमार हर्षवर्धन एलेफ्टिनेंट कर्नल सुरेश नारायण, के संतोष,सदानंद पांडे ,संतोष श्रीवास्तव,राजनाथ यादव,वकील विश्वकर्मा, परवेज आलम, महिला मंडल की सदस्याएं सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रोजगार मेला आज शासकीय आईटीआई सतना में

नवभारत न्यूज

**सतना 16 दिसम्बर.** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई सतना के सहयोग से 17 दिसम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज बिरला रोड सतना में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99